नया इंडिया

खेल

सार समाचार

राशिद की अगुवाई में अफगानिस्तान खेलेगा एशिया कप

काबुल,वार्ता। स्टार लेग स्पिनर राशिद खान की अगुवाई में अफगानिस्तान की क्रिकेट टीम आगामी एशिया कप में खेलेगी। अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड (एसीबी) ने मंगलवार को संयुक्त अरब अमीरात में नौ से 28 सितंबर तक होने वाले एशिया कप के लिए 22 सदस्यीय टीम की घोषणा कर दी। एसीबी की चयन समिति के सदस्य मीर मुबारिज ने बताया, "राशिद खान अफगानिस्तान के सुपरस्टार हैं। उन्होंने हमेशा टीम के लिए अच्छा प्रदर्शन किया है। फॉर्म में होना या खराब होना, यह खेल का हिस्सा है, लेकिन वह अच्छी तरह जानते हैं कि कैसे मजबूती से वापसी करनी है और टीम और देश के लिए बड़े टूर्नामेंटों में अच्छा प्रदर्शन करना है। मुबारिज ने कहा, हमने त्रिकोणीय सीरीज और एशिया कप से पहले तैयारी शिविर के लिए एक प्रारंभिक टीम की घोषणा कर दी है, जहां नए खिलाड़ियों की परख कोचिंग स्टाफ और कप्तान, दोनों प्रशिक्षण और तैयारी शिविर के दौरान करेंगे।

पंजाब, झारखंड सब जूनियर हॉकी राष्ट्रीय चैंपियनशिप के फाइनल में

चेन्नई,भाषा। पंजाब और झारखंड ने बुधवार को अपने मुकाबले जीत कर 15वीं हॉकी इंडिया सब जूनियर पुरुष राष्ट्रीय चैंपियनशिप के फाइनल में प्रवेश किया, जहां दोनों एक-दूसरे से भिड़ेंगे। दिन के पहले सेमीफाइनल में पंजाब ने उत्तर प्रदेश को 4-3 से हराया जिसमें सुखदेव सिंह ने दो गोल दागे जबकि मंदीप सिंह और वरिंदर सिंह ने एक एक गोल किया। उत्तर प्रदेश के लिए हर्ष प्रताप सिंह, अली शाहरुख और कप्तान केतन कुशवाहा ने गोल किए। दूसरे सेमीफाइनल में झारखंड ने मध्य प्रदेश को 3-1 से हराया। झारखंड के लिए सोरेंग सुमराय, आशीष तानी पूर्ति और जयसन कंडुलना ने गोल किए। मध्य प्रदेश के लिए लव ने गोल किया। उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश बृहस्पतिवार को तीसरे स्थान के लिए आमने-सामने होंगी।

हरीश और अरूण एशियाई सर्फिंग के तीसरे दौर में

चेन्नई,भाषा। भारत के हरीश प्रकाश और तयिन अरुण ने बुधवार को शानदार प्रदर्शन करते हुए एशियाई सर्फिंग चैंपियनशिप के अंडर-18 बालक वर्ग के तीसरे दौर में प्रवेश किया। टूर्नामेंट के तीसरे दिन अरुण ने भारतीय प्रतियोगियों में 9.23 से सर्वश्रेष्ठ स्कोर बनाया। उन्होंने थाईलैंड के टिन जॉनसन (9.60 अंक) से पीछे रहकर तीसरे दौर में जगह बनाई। ग्यारह वर्षीय प्रकाश ने भी प्रभावशाली प्रदर्शन किया और मलेशिया के लुकास सेंटियागो (10.57 अंक) के बाद 7.97 अंक हासिल करके तीसरे दौर में जगह बनाई।

गिल आईसीसी के महीने के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी पुरस्कार के लिए नामि

गिल ने इंग्लैंड के खिलाफ समाप्त हुई पांच टेस्ट मैच की श्रृंखला में बल्लेबाजी में कई रिकॉर्ड अपने नाम लिखे।

दुबई ■ भाषा/डेस्क

भारतीय कप्तान शुभमन गिल को बुधवार को दक्षिण अफ्रीका के वियान मुल्डर और इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स के साथ अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के जुलाई महीने के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी पुरस्कार के लिए नामित किया गया। गिल ने इंग्लैंड के खिलाफ हाल में समाप्त हुई पांच टेस्ट मैच की श्रृंखला में आगे बढ़कर नेतृत्व किया और बल्लेबाजी में कई रिकॉर्ड अपने नाम लिखे। भारत की युवा टीम ने यह श्रृंखला 2—2 से ड्रॉ की। गिल ने श्रृंखला में 75.40 की औसत और चार शतकों की मदद से 754 रन बनाए। उन्होंने एक दोहरा शतक भी लगाया। इस 25 वर्षीय बल्लेबाज ने श्रृंखला में किसी भारतीय कप्तान द्वारा

सर्वाधिक रन बनाने का सुनील गावस्कर का रिकॉर्ड (732) तोड़ा। गिल का प्रदर्शन अब सर्वकालिक कप्तानों की सूची में सर डोनाल्ड ब्रेडमैन (810 रन) के बाद दूसरे स्थान पर है। आईसीसी ने अपनी वेबसाइट पर लिखा, शुभमन गिल के लिए यह महीना शानदार रहा। उन्होंने इस रोमांचक श्रृंखला के दौरान इस महीने में तीन टेस्ट मैचों में 94.50 की औसत से 567 रन बनाए।

आईसीसी ने कहा, उन्होंने एजबेस्टन में भारत की रिकॉर्ड जीत में अहम भूमिका निभाई। उन्होंने इस मैच की पहली पारी में 269 और दूसरी पारी में 161 रन बनाए। इस तरह से उन्होंने मैच में कुल 430 रन बनाए जो किसी एक टेस्ट में ग्राहम गूच के 456 रन के बाद दूसरा सबसे बड़ा स्कोर है। आईसीसी ने कहा कि गिल ने नंबर चार पर सर्वकालिक महान'' विराट कोहली की विरासत को आगे बढ़ाया।

दक्षिण अफ्रीका के कप्तान के रूप में अपने पहले मैच में मुल्डर ने जिम्बाब्वे के खिलाफ नाबाद 367 रन की विशाल पारी खेली। उन्होंने अपनी टीम की पारी उस समय घोषित कर दी, जब वह महान ब्रायन लारा के 2004 में इंग्लैंड के खिलाफ बनाए गए सर्वाधिक व्यक्तिगत स्कोर नाबाद 400 के रिकॉर्ड को तोड़ सकते थे। उन्होंने दो मैचों में 265.50 की औसत से 531 रन बनाए।

सिराज और प्रसिद्ध कृष्णा करियर की सर्वश्रेष्ठ टेस्ट रैंकिंग पर

नई दिल्ली,आईएएनएस। भारत के तेज गेंदबाज मोहम्मद सिरा और प्रसिद्ध कृष्णा ने आईसीसी टेस्ट रैंकिंग में अपने करियर के सर्वश्रेष्ठ रैंक हासिल की है। इंग्लैंड के खिलाफ द ओवल में खे गए एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी के पांचवें टेस्ट में भारत की जीत सिराज और कृष्णा की अहम भूमिका रही थी।

ओवल टेस्ट में 9 विकेट हासिल करते हुए प्लेयर ऑफ द म का पुरस्कार हासिल करने वाले सिराज ने 12 स्थान की छल लगाते हुए 674 रेटिंग अंकों के साथ करियर का सर्वश्रेष्ठ 15 स्थान हासिल किया है।

प्रसिद्ध कृष्णा ने द ओवल टेस्ट में दोनों पारियों में 4-4 विके लिए थे। वह आईसीसी टेस्ट रैंकिंग में 59वें स्थान पर पहुंच गए। सिराज और कृष्णा टेस्ट मैच की दोनों पारियों में चार या उस अधिक विकेट लेने वाली दूसरी भारतीय जोड़ी भी बन गए। इससे पहले स्पिनर बिशन सिंह बेदी और इरापल्ली प्रसन्ना ने 196 में दिल्ली में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ यह उपलब्धि हासिल की थी सिराज ने 5 टेस्ट मैचों में इंग्लैंड सीरीज में सभी मैच खेले अ सर्वाधिक 23 विकेट हासिल किए।

चैपल ने इंग्लैंड की आलोचना की

नई दिल्ली ■ भाषा/डेस्क

आस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान ग्रेग चैपल ने भारत के खिलाफ ड्रॉ हुई टेस्ट श्रृंखला के दौरान इंग्लैंड की आक्रामक अंदाज में बल्लेबाजी करने की रणनीति की आलोचना करते हुए कहा, ''सकारात्मक क्रिकेट का मतलब लापरवाह क्रिकेट नहीं है। चैपल ने अपने कॉलम में युवा भारतीय टीम की अच्छा प्रदर्शन करने के लिए प्रशंसा की, वहीं इंग्लैंड के खिलाड़ियों, विशेषकर हैरी ब्रुक की आलोचना की, क्योंकि वे परिस्थितियों को समझने में विफल रहे।

भारत के पूर्व मुख्य कोच चैपल ने कहा, इस श्रृंखला में इंग्लैंड का सफर उसके सामने चेतावनी पेश करता है। इसे प्रतिभाशाली लेकिन चंचल प्रकृति के हैरी ब्रुक ने मूर्त रूप दिया, जिनकी में पहले सार्वजनिक रूप से प्रशंसा कर चुका हूं। उन्होंने कहा, उनकी टाइमिंग बहुत अच्छी है। वह कई तरह के शॉट लगा सकते हैं।

सिराज को वह श्रेय नहीं मिला, जिसके वह हकदार है: तेंदुलकर

नई दिल्ली ■ आईएएनएस/डेस्क

भारत के दिग्गज बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर ने कहा कि उन्हें मोहम्मद सिराज का रवैया बहुत पसंद है। इस तेज गेंदबाज को वह श्रेय नहीं मिलता, जिसका वह हकदार है। ओवल टेस्ट के पांचवें दिन सिराज ने 104 रन देकर 5 विकेट चटकाए, जिसकी बदौलत भारत ने इंग्लैंड को छह रन से हराकर पांच मैचों की सीरीज 2-2 से बराबर कर ली। इंग्लैंड के पास सिराज की सटीकता का कोई जवाब नहीं था, क्योंकि उन्होंने पांचवें दिन 25 गेंदों में सिर्फ नौ रन देकर तीन विकेट झटके और निचले क्रम को तहस-नहस कर दिया।

सिराज ने गस एटकिंसन का ऑफ स्टंप उखाड़कर भारत की जीत पक्की की। तेंदुलकर ने कहा कि अविश्वसनीय और शानदार अंदाज। मुझे उनका रवैया बहुत पसंद है। एक तेज गेंदबाज का इस तरह लगातार आपके सामने रहना, किसी भी बल्लेबाज को पसंद नहीं आएगा। और आखिरी दिन उन्होंने जो रवैया अपनाया, वह अंत तक कायम रहा, मैं कमेंटेटर्स को यह कहते हुए भी सुन सकता था कि उन्होंने सीरीज में 1,000 से ज्यादा गेंदें फेंकने के बाद आखिरी दिन लगभग 90 मील प्रति घंटे (145 किलोमीटर प्रति घंटे) की रफ्तार से गेंद फेंकी। यह उनके साहस और बड़े दिल को दर्शाता है।

सिराज इस सीरीज 32.43 की औसत से 23 विके लेकर सबसे ज्यादा विकेट वाले गेंदबाज भी रहे। सीरीज उन्होंने 1,113 गेंदें फेंक तेंदुलकर ने कहा कि आखि दिन उन्होंने जिस तरह शुरुआत की, वह काबि तारीफ थी और उन्होंने हमे अहम भूमिका निभाई है, जब हमें उनकी जरूरत पड़ी, जब हम चाहते थे कि वह धमाके प्रदर्शन करें।

उन्होंने अच्छी गेंदबा करके दिखाई। इस सीरीज में यही हुआ। जिस तरह से उन्ह इतने सारे विकेट लिए अच्छा प्रदर्शन किया, उस उन्हें वह श्रेय नहीं मिल जिसके वे हकदार हैं।

आर्थिकी/परदेश

बिकवाली से सेंसेक्स 166 अंक टूटा, निफ्टी भी नुकसान में

मुंबई ■ भाषा/डेस्क

द्विमासिक मौद्रिक नीति की घोषणा के बीच स्थानीय शेयर बाजार में बुधवार को शुरूआती तेजी बरकरार नहीं रह पाई और बीएसई सेंसेक्स 166 अंकों की गिरावट के साथ बंद हुआ। सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) और स्वास्थ्य सेवा से जुड़ी कंपनियों के शेयरों में बिकवाली से लगातार दूसरे दिन बाजार नुकसान में रहा।

बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स 166.26 अंक यानी 0.21 प्रतिशत टूटकर 80,543.99 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 261.43 अंक तक गिर गया था। सेंसेक्स के समूह में शामिल 30 शेयरों में 18 नुकसान में रहे जबकि 12 शेयरों में तेजी रही।

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का 50 शेयरों वाला मानक सूचकांक निफ्टी 75.35 अंक यानी 0.31 प्रतिशत की गिरावट के साथ 24,574.20 अंक पर बंद हुआ।

कारोबार के दौरान सूचकांक एक समय 110.35 अंक तक टूट गया था। सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में सन फार्मास्युटिकल्स, टेक महिंद्रा, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, इन्फोसिस, बजाज फाइनेंस, इटर्नल, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, अल्ट्राटेक सीमेंट, बजाज फिनसर्व, टाटा स्टील, आईटीसी और एलएंडटी प्रमुख रूप से नुकसान में रहे।

दूसरी तरफ, लाभ में रहने वाले शेयरों में एशियन पेंट्स, महिंद्रा एंड महिंद्रा, बीईएल, अदाणी पोर्ट्स, भारतीय स्टेट बैंक, ट्रेंट, एचडीएफसी बैंक शामिल हैं।

पेटीएम अब पूरी तरह से भारतीय कंपनी, चीनी स्वामित्व समाप्त

नई दिल्ली, भाषा। पेटीएम की मूल कंपनी वन97 कम्युनिकेशंस का स्वामित्व अब पूरी तरह से भारतीयों के हाथ में है।

करीब नौ साल पहले पेटीएम के संस्थापक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) विजय शेखर शर्मा ने 'पीटीआई-भाषा' के साथ साक्षात्कार में कंपनी के स्वामित्व ढांचे के बारे में पूछे गए सवालों के जवाब में कहा था, '' हम मारुति जितने ही भारतीय हैं।''

यह कथन जिसे कभी प्रतीकात्मक माना जाता था, अब वास्तविकता को दर्शाता है जहां पेटीएम अब भावना और शेयरधारिता दोनों ही दृष्टि से पूरी तरह से भारतीय कंपनी बन गई है। उद्योगपति जैक मा की कंपनी एंट फाइनेंशियल ने डिजिटल भुगतान मंच पेटीएम की मूल कंपनी वन97 कम्युनिकेशंस में अपनी समूची 5.84 प्रतिशत हिस्सेदारी करीब 3,980 करोड़ रुपये में बेच दी है। सौदे की रूपरेखा से अवगत एक व्यक्ति ने कहा, '' पेटीएम अब टाटा की तरह ही भारतीय है।'' यह परिवर्तन एंटफिन (नीदरलैंड) होल्डिंग बी वी के हाल ही में बाहर निकलने के साथ आधिकारिक हो गया।

रूसी वस्तुओं के आयात पर ट्रंप ने कहा: 'मुझे जानकारी नहीं'

न्यूयॉर्क/वाशिंगटन, भाषा। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि उन्हें रूस से यूरेनियम, उर्वरक और रसायनों के अमेरिकी आय के बारे में कोई जानकारी नहीं है। ट्रंप ने इन सामान को अमेरिका द्वारा आयात किए जाने संबंधी भारत के बयान पर पूछे गए एक सवाल जवाब में यह बात कही। अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा, ''मुझे इसके बारे में कुछ नहीं पता है। मुझे इसकी जांच करनी होगी, लेकिन हम इस जवाब देंगे।'' उन्होंने कहा कि वह जल्द ही उन देशों पर शुल्क (टैरिफ) लगाने का फैसला करेंगे, जो रूसी ऊर्जा खरीद रहे हैं। ट्रंप ने भा पर यह आरोप भी लगाया कि वह बड़ी मात्रा में रूसी तेल खरीद रहा है और उसे मुनाफे में बेच रहा है। उन्होंने धमकी दी कि अमेरिका भारत पर और अधिक शुल्क लगाएगा। भारत ने रूस से कच्चे तेल की खरीद के लिए नयी दिल्ली को 'अनुचित और अविवेकपूर्ण' तरीके से निशाना बनाने को लेकर सोमवार को अमेरिका और यूरोपीय संघ पर जोरदार पलटवार किया। आलोचना

इजराइल ने संरा सुरक्षा परिषद की आपात बैठक बुलायी, हमास पर बंधकों को भूखा रखने का आरोप लगाया

न्यूयॉर्क ■ एपी/डेस्क

इजराइल ने मंगलवार को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की एक आपात बैठक बुलाकर अपने बंधकों की रिहाई की मांग की। इजराइल ने बंधकों की हालत को देखते हुए यह बैठक बुलायी थी। दरअसल हाल में एक वीडियो सामने आया है जिसमें एक बंधक एव्यातर डेविड को अपनी ही कब्र खोदते हुए दिखाया गया है। न केवल फलस्तीनियों ने बल्कि संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के अधिकांश सदस्यों ने गाजा में दो महीने से जारी नाकेबंदी और संघर्षरत क्षेत्र में पर्याप्त भोजन न पहुंचाने देने के लिए इजराइली सरकार तथा सेना को दोषी ठहराया है। गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि 100

से अधिक लोगों की भुखमरी के कारण मौत हो गयी है जिनमें कई बच्चे शामिल हैं।

वहीं इजराइल के विदेश मंत्री गिदोन सार ने परिषद के कुछ अन्य सदस्यों के साथ ही अंतरराष्ट्रीय मीडिया पर ''झूठ फैलाने'' का आरोप लगाया। वह परिषद की बैठक में भाग लेने के लिए न्यूयॉर्क आए हैं। उन्होंने कहा कि सात अक्टूबर 2023 को दक्षिणी इजराइल में हुए हमले के बाद हमास द्वारा बंधक बनाए गए लोगों को भूखा रखा गया, जबकि ''आतंकवादी मांस, मछली और सब्जियां खा रहे हैं।'' सार ने दावा किया कि इजराइल, गाजा में ''भारी मात्रा में सहायता सामग्री'' पहुंचने दे रहा है, लेकिन हमास उन खाद्य सामग्री को लूट रहा है और उन्हें बेचकर पैसे कमा रहा है। हालांकि, संयुक्त राष्ट्र के प्रवक्ता स्टीफन दुजारिक ने कहा है कि ऐसा कोई सबूत नहीं है। इजराइल के शीर्ष राजनयिक ने यह भी आरोप लगाया कि हमास, इजराइल के साथ युद्ध जारी रखना चाहता है, न कि युद्धविराम के लिए तैयार है।

आरबीआई ने रेपो दर को 5.5 प्रतिशत पर कायम रखा

मुंबई ■ भाषा/डेस्क

भारतीय रिजर्व बैंक ने अमेरिकी शुल्क को लेकर अनिश्चितता के बीच बुधवार को प्रमुख नीतिगत दर रेपो को 5.5 प्रतिशत पर बरकरार रखने का निर्णय किया।

नीति निर्माता अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की व्यापार नीतियों से उत्पन्न जोखिमों और उच्च शुल्क की आशंका से जुड़ी अनिश्चितताओं का फिलहाल आकलन कर रहे हैं। आरबीआई गवर्नर संजय मल्होत्रा की अध्यक्षता वाले छह-सदस्यीय मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) ने आम सहमति से रेपो दर को 5.5 प्रतिशत पर यथावत रखने का निर्णय किया।

इसके साथ ही आरबीआई ने मौद्रिक नीति रुख को भी तटस्थ बनाये रखा है। इसका मतलब है कि केंद्रीय बैंक आर्थिक

स्थिति के हिसाब से नीतिगत दर में समायोजन को लेकर लचीला बना रहेगा।

मल्होत्रा ने मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) के फैसले की घोषणा करते हुए कहा कि अच्छी मानसूनी बारिश और आने वाले त्योहारों से अर्थव्यवस्था को गति मिलने की उम्मीद है, लेकिन वैश्विक व्यापार के मोर्चे पर चुनौतियां अब भी बनी हुई हैं। हालांकि, उन्होंने अमेरिकी शुल्क के बारे में सीधे तौर पर कुछ नहीं कहा। ट्रंप ने सात अगस्त से अमेरिका में प्रवेश करने वाले सभी भारतीय उत्पादों पर 25 प्रतिशत शुल्क और रूस से तेल आयात को लेकर 'जुर्माना' लगाने की घोषणा की है। उन्होंने मंगलवार को भारत के रूस से तेल की निरंतर खरीद के लिए शुल्क में भारी वृद्धि की चेतावनी दी। मल्होत्रा ने कहा, मध्यम अवधि में भी, बदलती विश्व व्यवस्था में भारतीय अर्थव्यवस्था अपनी अंतर्निहित ताकत, मजबूत बुनियादी ढांचे और अन्य मोर्चों पर संतोषजनक स्थिति के दम पर उज्ज्वल संभावनाओं से भरी हुई है। उन्होंने कहा, अवसर मौजूद हैं और हम नीति निर्माण के बहुआयामी लेकिन सुसंगत दृष्टिकोण के माध्यम से अनुकूल परिस्थितियां बनाने के लिए हरसंभव प्रयास कर रहे हैं।

राजस्थान राज्य विद्युत प्रसारण निगम लिमिटेड

निविदा आमंत्रण सूचना

इस कार्यालय की खुली निविदाएं संख्या 01 वर्ष 2025-2026 आधार पर 220/132 केवी, 1 एमवीए बीएचईएल निर्मित ट्रांसफार्मर के लिए उपयुक्त 245 केवी और 1 145 केवी कंडे बुशिंग की खरीद, 220 केवी जीएसएस, आरवीपीएन, हमीरगढ़ (भीलवाड़ा) में अनुभवी फ ठेकेदारों से 06.08.2025 को 15:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। बोली के अन्य विव खरीद पोर्टल (http://eproc.rajasthan.gov.in, http://sppp.raj.nic.in http://energy.rajasthan.gov.in/rvpnl) पर देखे जा सकते हैं। (UBN N VPN2526GLOB01199)उतरोतर में तारीख बढ़ाने की सूचना/ संशोधन यदि कोई हैं, तो उपरोक्त संदर्भित वेबसाइटों पर ही सूचित/प्रकाशित की जावेगी।

अधीक्षण अभियंत (प्र. व वि.), भीलवा

राज.संवाद/सी/25/7639 रा.न.वि.प्र.नि./TR-7045/2025

कार्यालय प्राधिकृत अधिकारी, नगर विकास न्यास, भीलवाड़

क्रमांक : LU2012/BHL/2025-26/100830 दिनांक : 05 / 08 / 20

लोक सूचना

श्री NAND LAL JALAN पुत्र श्री RADHA KISHAN JALAN जाति JALAN निवासी 2-R-12 RC VY BHILWARA, श्री JAIKISHAN JALAN पुत्र श्री NAND LAL JALAN जाति JALAN निवासी 2-R-12 RC VYAS COLONY BHILWARA, Jh NAVIN JALAN पुत्र श्री NAND LAL JALAN जाति JALAN निवासी 2-12 RC VYAS COLONY BHILWARA, ने इस कार्यालय में नीचे उल्लिखित भूमि का औद्योगिक प्रयोजन उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारों के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है, अर्थात :—

क्र. सं.	ग्राम तहसील व जिले का नाम	खातेदार का नाम	खसरा सं.	क्षेत्रफल (वर्ग मीटर)	क्षेत्रफल (हैक्टे
1	गुढ़ा, गण्डला (भीलवाड़ा)	MESARS SUZUKI SYNTHETICS PRIVATE LIMITED DIRECTOR HANUMANT PRAKASH SON OF GULAB CHAND MAHESHWARI SA. BIJAYNAGAR DIS. AJMER	601	6371	0.637
				कुल	0.637

इसलिए, इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम, 1956 की धारा 90-के और राजस्थान अभिधृति अधिनियम, 1955 धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारों के निर्वापन पर कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 7 दिन के भीतर-भीतर अ एसएचओ आईसी से लॉग इन कर 90-A For Development Authority (UDH) आईकॉन पर जा समर्थक दस्तावेज को अपलोड कर अपना आक्षेप दर्ज कर सकते है।

उपर्युक्त नियम समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी को आ नहीं है और तदनुसार मामले का निपटारा किया जावेगा। यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अ आज 05-08-2025 को जारी की गयी।

प्राधिकृत अधिकारी
नगर विकास न्यास, भीलवा

टाइटन बायोटेक लिमिटेड

CIN: L74999RJ1992PLC013387

कॉर्पोरेट कार्यालय: 903-909, 9वीं मंजिल, बिगजोर टॉवर, लेजानी सुभाष प्लेस, दिल्ली-110034, भारत, **दूरभाष:** 011-27355742, 71239900

पंजीकृत कार्यालय और कार्य: यूनिट I: A-902A, RICO औद्योगिक क्षेत्र, चरण I, भिवाड़ी-301019, राजस्थान **यूनिट II:** E-540, औद्योगिक क्षेत्र, चौपानकी, भिवाड़ी 301019, राजस्थान **ई-मेल:** hrd@titanbiotechltd.com, accounts@titanbiotechltd.com, purchase@titanbiotechltd.com **वेबसाइट:** www.titanbiotechltd.com, www.tmmedia.in

भौतिक शेयरों के हस्तांतरण अनुरोध को पुनः दर्ज करने के लिए विशेष विंडो की सूच

सेबी के दिनांक 2 जुलाई, 2025 के परिपत्र संख्या SEBI/HO/MIRSD/MIRSD-PoD CIR/2025/97 के अनुसार, शेयरधारकों को सूचित किया जाता है कि केवल उन हस्तांतरण विले को जो **1 अप्रैल, 2019** की समय सीमा से पहले दाखिल किए गए थे और दस्तावेजों/प्रक्रिया में कमी अन्य कारणों से अस्वीकृत/वापस कर दिए गए थे/उन पर ध्यान नहीं दिया गया था पुनः दाखिल क के लिए एक 'विशेष विंडो' खोली गई है। यह पुनः दाखिल करने की विंडो छह महीने की अवधि अर्थात **जुलाई, 2025 से 6 जनवरी, 2026** तक खुली रहेगी।

इस अवधि के दौरान, हस्तांतरण के लिए पुनः जमा की जाने वाली प्रतिभूतियों केवल डीमैट मोड में जारी की जाएंगी कंपनी और टीसीएस्टार एंड शेयर हस्तांतरण एजेंट, बीटल फाइनेंशियल एंड कम्प सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड (आरटीए) द्वारा ऐसे हस्तांतरण-सह-डीमैट अनुरोधों के लिए उचित प्रक्रि का पालन किया जाएगा। कंपनी की वेबसाइट www.titanbiotechltd.com को इस विशेष विंडो खुलने के संबंध में विस्तृत जानकारी के साथ अपडेट कर दिया गया है।

बीटल फाइनेंशियल एंड कंप्यूटर सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड
यूनिट: **टाइटन बायोटेक लिमिटेड**
बीटल हाउस, तीसरी मंजिल,
99 मजलनदीद, एपजसरी के पीछे,
नई दिल्ली - 110062
फोन: 011-42959000-09, 011-29961281-283, 26051061, 26051064
फैक्स: 011-29961284
ईमेल आईडी: beetalrta@gmail.com

कृते **टाइटन बायोटेक लिमिटेड** के लि
हस्ता
चरणजीत
(कंपनी सचिव एवं अनुपालन अधिका

स्थान: दिल्ली
दिनांक: 06/08/2025